मां शारदा माता दुर्गा उत्सव समिति बादशाह हलवाई मंदिर के पास

श्री शारदा नवयुवक मंडल शारदा टॉकीज के सामने गोरखपुर

रानी दुर्गावती मित्र मंडल गढ़ा गुलौआ

नवनीत दुर्गा उत्सव समिति कोतवाली थाने के बाजू में

विजय मंडल दुर्गोत्सव समिति 4 नंबर गेट


शिव शक्ति दुर्गोत्सव समिति मीठा कुआं

सार्वजनिक प्रेम दुर्गा उत्सव समिति महाकाली मंदिर

मां अम्बे रानी दुर्गात्सव समिति

नेहरू नगर व्यापारी संघ दुर्गात्सव समिति, मेडिकल रोड

जगदंबा के दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब

देर रात तक सड़कों में थी भीड़, जगह- जगह हुए भंडारे

नवभारत, जबलपुर। नवरात्रि के नौवे दिन शहर में देर रात्रि तक लोगों की भीड़ लगी रही। शहर में सदर , रांझी, गढ़ा, सराफा, गढ़ा फाटक, गोराबाजार, कांचघर आदि सभी क्षेत्रों में विराजी देवी प्रतिमाओं को देखने के लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। जिससे देर रात्रि और अल सुबह तक लोगों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा समितियां द्वारा जगह- जगह भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन भी पूरी रात चलता रहा।

9 कन्याओं द्वारा आरती, सहस्त्र अर्चन

श्री सिद्ध महाकाली पीठ रैगवां स्थित महाकाली मंदिर में 9 कन्याओं द्वारा आरती, धनवर्षा, एवं सहस्त्र अर्चन किया गया। पीठ पंडित सुधीर दुबे शास्त्री ने बताया कि अष्टमी को किया गया अर्चन सभी मनोकामनाओं को पूरा करता हैं।

कन्या भोजन कर खोला व्रत

बुधवार को नवरात्रि के नौवें दिन कन्या पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें कन्याओं को हलवा, पूड़ी और चने खिलाए गए और उन्हें उपहार तथा दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान देवी दुर्गा का आशीर्वाद और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की गई। जबलपुर के विभिन्न मंदिरों और घरों में भी कन्या पूजन संपन्न हुआ, जहाँ भक्तों ने माँ दुर्गा की आराधना की और कन्याओं के पूजन के बाद अपने व्रत खोले।

कछपुरा महाकाली में महाआरती का आयोजन

प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कछपुरा महाकाली में महा आरती का आयोजन किया गया। साथ ही क्षेत्र के सभी लोगों ने माता का आशीर्वाद लिया तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पंडित महेंद्र तिवारी, गोपाल तिवारी, कुक्की वर्मा, दीपेश, लालू,हिमेश, राघव, सनी, यश, सोनू, एवं समस्त क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दशहरा पर्व पर आज होगा रावण दहन

असत्य पर सत्य की जीत का सबसे बड़ा त्योहार दशहरा आज मनाया जाएगा। अहंकारी रावण द्वारा छल से माता सीता का हरण कर लिया गया था, जिस पर श्री रामचंद्र जी महाराज द्वारा दशानन रावण का वध कर आज के दिन ही करके बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मनाया गया था। विजयादशमी का त्योहार संस्कारधानी में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। शहर में आयोजित विभिन्न रामलीला और समाज द्वारा बड़े-बड़े रावण के पुतले का दहन कर दशहरा मनाया जाता है।

मुख्य चल समारोह

जबलपुर का सबसे प्राचीन और भव्यता से निकलने वाला मुख्य चल समारोह आज शाम 7 बजे तीन पत्ती से प्रारंभ होगा। जो अपने निर्धारित मार्ग मालवीय चौक, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, कोतवाली होते हुए हनुमानताल में समाप्त होगा। मुख्य चल समारोह में लगभग 25 प्रतिमाएं शहर की शामिल होंगी। जिनको देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूर- दराज से पहुंचते हैं।

असत्य पर सत्य की विजय का लोकोत्सव

विजयादशमी के पावन अवसर पर संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन के सौजन्य से तथा जिला प्रशासन, जबलपुर के सहयोग से दशहरा पर्व का भव्य आयोजन आज शाम 6 बजे से दशहरा समारोह, मालवीय चौक , जबलपुर में संपन्न होगा। इस अवसर पर नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था जबलपुर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा विशेष लीला-नाट्य भक्तिमती शबरी, जिसका पुनर्गठन के सुप्रसिद्ध रंग निर्देशक संजय गर्ग द्वारा किया गया है। यह नाट्य प्रस्तुति भक्ति, श्रद्धा और आदर्श मूल्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करेगी। संस्कृति प्रेमियों और नागरिकों से आग्रह है कि इस गरिमामय लोकोत्सव में सपरिवार सम्मिलित होकर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को अनुभव करें।

बंगाली दशहरा चल समारोह

विजयादशमी के पावन पर्व पर बंगाली दशहरा चल समारोह आज दोपहर 2 बजे करमचंद चौक से प्रारंभ होकर तीन पत्ति चौक होते हुए ग्वारीघाट पर समाप्त होगा। सदस्य दीपांकर बनर्जी ने समस्त बंगाली क्लब के प्रतिमाओं के सदस्यों से चल समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

बड़ी खेरमाई में शस्त्र पूजन

गुप्त शक्तिपीठ मां श्री बड़ी खेरमाई में आज विजयादशमी महापर्व पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया परम्परागत रुप से अपनी वैदिक संस्कृति के अनुरुप अस्त्र-शस्त्र और आयुध का पूजन-अर्चन दोपहर एक बजे से किया जाएगा।

एक नजर में

भारत रक्षा मंच ने किया शस्त्र पूजन

नवभारत, जबलपुर। विजया दसवीं की पूर्व संध्या पर भारत रक्षा मंच जबलपुर महानगर द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। आचार्य ब्रजेश मिश्रा ने वैदिक विधि विधान से शस्त्र पूजन कराया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में शस्त्र पूजन की परम्परा, सनातन धर्मावलंबियों के लिए शस्त्र की आवश्यकता तथा आत्मरक्षा हेतु शस्त्र रखने की वैधानिकता पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि शस्त्र पूजन की परम्परा अनादिकाल से जारी है। त्रेता युग भगवान राम ने भी शस्त्र पूजन किया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री व मध्यक्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी, महाकौशल प्रांत सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे,श्रीराम प्यासी, रामकिशन पटेल, पुरन पटेल, शशिन पटेल,शंभु तिवारी,अजीत पटेल, सुमित प्यासी,राजा पटेल, प्रथम पटेल, पवन पटेल, सत्यम पटेल,शिबू पटेल सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

रामलीला समिति द्वारा संतोष नेमा सम्मानित

जबलपुर, नवभारत। गढ़ा रामलीला समिति द्वारा रामलीला के रामेश्वर पूजन मंचन दिवस पर वरिष्ठ साहित्यकार संतोष नेमा संतोष को उनके द्वारा धर्म, साहित्य एवं अध्यात्म के क्षेत्र में किये गए योगदान के परिप्रेक्ष में सम्मानित किया गया।यह सम्मान मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति आर. पी. दुबे (कुरारिया) एवं रामलीला समिति के संयोजक अशोक मनोध्याय द्वारा प्रतीक चिन्ह, मानपत्र एवं शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विजय नेमा अनुज, राजेश पाठक प्रवीण, रजत भार्गव, प्रकाश खंपरिया, लोकेश चौबे, मोती शिवहरे, सरिता नेमा, भोलाराम खत्री, शरद काबरा, विजय कैलाश, राजेश नेमा, राकेश पाठक, आदि की उपस्थिति रही।

मदनमहल दरगाह में ग्यारहवीं शरीफ का दूसरा मेला आज

जबलपुर। मदनमहल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में आज जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के दूसरे मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुतवल्ली सैय्यद क़ादिर अली क़ादरी की सदारत में नमाजे जुहर के बाद एक रूहानी जलसे का एहतमाम किया गया है, जिसमें नात शरीफ और मनक़बत पाक पढ़ी जाएंगी। इस जलसे के उपरांत, क़ादरी खानदान के मशहूर बुजुर्ग सूफ़ी बाबा आशिक अली क़ादरी अलैहिर्रहमां के दसवें उर्स शरीफ के मौके पर उनके ख़लीफा सज्जादानशीन इनायत क़ादरी के मार्गदर्शन में नमाजे असर के बाद मदन महल दरगाह प्रांगण में स्तिथ सूफ़ी बाबा की मजार शरीफ पर चादरपोशी व गुलपोशी की रस्म अदा की जाएगी। इसके पश्चात अकीदतमंदों के लिए लंगर तकसीम किया जाएगा। सज्जादानशीन सूफी मुबारक क़ादरी, निज़ाम क़ादरी, बासित क़ादरी, जवाहर कादरी, अब्बू बाबा क़ादरी, असगर क़ादरी, अफजल कादरी (भूरा), रोशन क़ादरी, शराफत क़ादरी और आशु क़ादरी ने सभी अकीदतमंदों से शिरकत करने की अपील की है।

महात्मा गाँधी एवं शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि आज

जबलपुर। महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा आज 2 अक्टूबर गुरुवार को प्रातः 10 बजे टाउन हाल विक्टोरिया अस्पताल के बाजू में गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा, इसके पश्चात प्रातः 10-30 बजे रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया जायेगा। इस अवसर सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता प्रातः 11 बजे भारतीय खादी भंडार मढ़ाताल गुरुद्वारा के बाजू में पहुंचकर खादी एवं स्वदेशी वस्त्रो की खरीदी करेंगे।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

छायाचित्र व डाक टिकट प्रदर्शनी का अवलोकन

नवभारत,जबलपुर। विश्विख्यात इतिहासज्ञ, पुरातत्वविद्, ब्रिटिशकालीन डिप्टी कमिश्नर रायबहादुर डॉ हीरालाल राय की 158 जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 1 अक्टूबर 2025 को सात्विक सेवा संस्था द्वारा डॉ. हीरालाल राय कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में संपन्न हुई, जिसमें संग्रहकर्ता अरविंद मलिक द्वारा रामायण पर तथा गिरीश चंद्र गुप्ता द्वारा धरोहर से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी व हीरालाल पर केंद्रित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें गणमान्य नागरिकों व विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारतीय संस्कृति की नवीन जानकारियां प्राप्त की गई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष अंशु राय एवं अन्य श्रीमती प्रमिला राय, सुश्री छाया राय, अविनाश कुमार राय, निशांत राय, डॉ. निमिष राय, सात्विक राय, सतीश श्रीवास्तव, शीला जायसवाल, रितु श्रीवास्तव विनीत श्रीवास्तव, डी.सी. विनोदिया, अंकित नेमा, हरिशंकर शुक्ला, चंदन पटेल, आवेश सिंह, अविनाश दुबे, जितेंद्र पटेल, प्रियांशु गोहलानी, कपिल गायकवाड, अनुराग उपाध्याय, अनुपम उपाध्याय, आशीष दुबे, इत्यादि उपस्थित रहें ।

सम्मान कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, वरिष्ठजनों का सम्मान

वरिष्ठजनों के लिए बेहतर सुविधाएं का करेंगे प्रयास

जबलपुर, नवभारत। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बजानामठ स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्ध जनों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ जनों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर वरिष्ठजनों का माला,शाल व श्रीफल भेंट सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में उनके बेडरूम, किचन, भोजन कक्ष, स्नानागार, शौचालय व मनोरंजन के संसाधनों का भी निरीक्षण कर प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण सोनम बर्वे को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र तहसीलदार व रेडक्रास से सुनील गर्ग भी मौजूद थे।



महिलाओं ने गरबा से की मां दुर्गा की आराधना

जबलपुर। नवरात्र पर्व पर दीपिका इलाइट टाउनशिप विजय नगर में महिलाओं ने गरबा नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गरबे में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं देवी मां की स्तुति में लीन होकर नृत्य करती रहीं। प्रीति तोमर, वंदना सिंह, आरती कुशवाहा, पूर्वा पचौरी, कल्पना पचौरी, नामित गुप्ता, श्वेता चतुर्वेदी, काजोल और दीक्षा सहित कई महिलाओं ने गरबे में सक्रिय भागीदारी की। प्रीति तोमर ने बताया कि हर साल इस तरह का आयोजन समिति में किया जाता है जिसमें सभी सदस्य भाग लेते हैं। भक्ति संध्या में महिलाओं ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएं कीं। आयोजन स्थल भक्तिरस और उल्लास से सराबोर हो गया और उपस्थित लोगों ने गरबे का आनंद उठाते हुए महिलाओं के उत्साह की सराहना की।